## सार-समाचार

### जागरुकता शिविर से लोगों को दी जा रही एसआईआर की सही जानकारी

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर में एसआईआर को लेकर बीएलओ अपने स्तर पर पूरा प्रयास कर लोगों के नाम ढूढने का प्रयास कर रहे हैं, लोगों को सही जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन उसके बाद भी लोग में जो भ्रांतियां हैं, समझ नहीं आ रहा उसको लेकर पूर्व उपमहापौर सोनू कुरैशी के नेतृत्व में घंटाघर, चश्मे की बावड़ी, हम्मालों का चौक में एसआईआर जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बीएलओ को पूरी जानकारी दी जा रही है वहीं लोगों को भी जागरुक किया जा रहा है कि वह एसआईआर को लेकर सही जानकारी दे और इस कार्य में सहयोग करें। सोनू कुरैशी ने कहा कि एसआईआर जागरुकता शिविर में बीएलओ पूरी मदद कर रहे हैं, जिन लोगों को फार्म भरने में दिक्कत आ रही है उनकी मदद की जा रही है और फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। बीएलओ भी दो से तीन बार घरों पर पहुंच रहे हैं, 2002 की वोटर लिस्ट से परिजनों व स्वयं के नामों को तलाश कर रहे हैं, उसके बाद भी यदि कोई नहीं मिलता तो उन्हें आगे की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। कुरैशी ने कहा कि पुनरीक्षण सूची 2002 में नाम नहीं है, उनके गणना प्रपत्र पर मतदाता का विवरण अंकित कर हस्ताक्षर करवाकर गणना प्रपत्र दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस मतदाता की 2002 की प्रविष्टियां उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं हैं। इस संबंध में मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें समझाया जा रहा है ताकि वे गणना प्रपत्र सम्बंधित बीएलओ के पास जमा करवाएं। जागरुकता शिविर में सभी का सहयोग किया जा रहा है ताकी अधिक से अधिक लोग लाभांवित हो सके।

### गंभीर रोगी के लिए देर रात दुर्लभ बी नेगेटिव एसडीपी डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवन दाता निरंतर सेवा के माध्यम से कीर्तिमान स्थापित कर रही है और लोगों की सेवा में दिन-रात लगी रहती है, ऐसे में देर रात भी दुर्लभ ग्रुप की एसडीपी उपलब्ध कराई गई। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि देर रात गणेशराम निवासी देवली टौंक को गंभीर अवस्था में बी नेगेटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, उन्हें पहले आरडीपी चढ़ाई जा चुकी थी लेकिन उसके बाद भी कोई खास फर्क नहीं पड़ा। रात करीब 2.00 बजे उन्हें बी नेगेटिव आरडीपी उपलब्ध कराई गई थी। गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत देवेंद्र शर्मा को कॉल किया तो वह ड्यूटी पर थे लेकिन स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वह सीनियर से अनुमति लेकर अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने एक अनजान की जान बचाने के लिए बी नेगेटिव एसडीपी डोनेट की हैं। उनका कहना है कि किसी के जीवन को बचाने से बडी सेवा नहीं हो सकती। जिनमें मानवता का भाव होता है वह हर समय तैयार रहते हैं। सर्वधर्मों में सर्वोपरी मानव धर्म है। उन्होंने बताया कि पिता परमानंद शर्मा व बड़े भाई आदर्श शर्मा के सेवाकार्य से प्रेरणा लेकर अब निरंतर रक्तदान कर रहे हैं। देवेन्द्र 10 बार एसडीपी व 30 बार रक्तदान कर चुके हैं।

### जे.के. जैन को राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त

**कोटा,** (निसं)। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के बैनर तले आगामी 25 जनवरी को इंदौर में अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जैन समाज में युवक-युवतियों के विवाह में बढ़ती चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इस बार सम्मेलन को वृहत स्तर पर आयोजित करने की तैयारी की गई है। सम्मेलन के राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय और प्रचार-प्रसार के लिए कोटा के जे.के. जैन को राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं राजस्थान प्रदेश कौशल ग्रुप फाउंडेशन ने भी जे.के. जैन को राष्ट्रीय प्रचारक की जिम्मेदारी सौंपी है। फाउंडेशन के देशभर में लगभग 350 ग्रुप वॉरियर्स सक्रिय हैं, जबकि विदेशों में भी इसकी कई शाखाएँ कार्यरत हैं। जैन समाज में यह संस्था देश की प्रमुख संगठनों में से एक मानी जाती है। आयोजकों के अनुसार इस वर्ष सम्मेलन में करीब 30,000 युवक-युवतियों के परिचय आवेदन प्राप्त होने की संभावना है। प्रतिभागियों की बड़ी संख्या को देखते हुए तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। जे.के. जैन ने बताया कि यह सम्मेलन युवाओं को उपयुक्त जीवनसाथी चयन का एक सुनिश्चित मंच प्रदान करेगा। साथ ही समाज में बढ़ती पारिवारिक एवं सामाजिक जटिलताओं के समाधान में भी यह आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि कोटा से सैकड़ों आवेदनों की सूची लगभग तैयार कर ली गई है, जिसका प्रकाशन परिचय पुस्तिका में किया जाएगा।

### खेलों इंडिया यूनिवसिटी गेम्स कोटा में आज से

**कोटा,** (निसं)। खेलों इंडिया यूनिवसिटी गेम्स का शुभारंभ सोमवार से हो गया। इसके तहत कोटा के रघुराई इंडोर स्टेडियम, नयापुरा में भी मंगलवार से विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं होगी। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना खेलों इंडिया के अन्तर्गत आयोजित हो रहे यूनिवसिर्टी गेम्स -2025 में देशभर की 32 यूनिवर्सिटीज के खिलाड़ी भाग ले रहे है। जिला खेल अधिकारी वाईबी सिंह ने बताया कि मंगलवार को प्रात 9 बजे से सायं 6 बजे तक विभिन्न वर्गो में तलवार बाजी की स्पर्धा होंगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का उद्देश्य विश्वविद्यालय स्तर पर खेल संस्कृति को बढावा देना एवं उभरते हुए खिलाडियों को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना एवं खेलों को केरियर के रूप में प्रोत्साहित करना है। जिला प्रशासन के निर्देशन में आयोजन समिति ने खेलों के सुचारू संचालन, खिलाड़ियों के ठहराव, सुरक्षा एवं तकनीकी व्यवस्था, चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ ही दर्शकों की सहुलियत की दृष्टि से सभी तैयारियां पूरी की है।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निर्देश दिए

**कोटा,** (निसं)। साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन वीरेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, बिजली, पानी, चिकित्सा आदि से जुड़े विषयों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी कार्यालय अध्यक्षों को निर्देश दिए कि सभी कार्मिकों के एस आई आर गणना प्रपत्र ऑनलाईन किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र व्यक्तियों को हटाने की प्रगति की समीक्षा की साथ ही विभिन्न विभागों से जुड़ी बजट घोषणाओं की प्रगति की भी जानकारी ली। सभी विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला केडीए के सचिव मुकेश चौधरी, नगर निगम उपायुक्त जवाहर जैन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मोहित मेहता सम्मानित

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित बतियन की गली- कार्यक्रम में मोड़क के युवा लोकसंगीत साधक एवं आरोहण फाउंडेशन के संस्थापक मोहित मेहता को कर्मठ युवा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें राजस्थान की लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में किए जा रहे उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान की प्रथम महिला रुपद गायिका प्रोफेसर डॉ. मधु भट्ट तैलंग और सुप्रसिद्ध कवि अमित तिवारी उपस्थित रहे। अतिथियों के करकमलों द्वारा मोहित मेहता को सम्मानित किया गया।

### स्मार्ट मीटर का विरोध, ज्ञापन सौंपा

**छबड़ा** (निसं)। स्मार्ट मीटर का विरोध अब तेज होने लगा है। हिलव्यू कॉलोनी वासियों ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध करते हुए एसडीएम व सहायक अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व पार्षद मुकेश पांचाल ने बताया की जहाँ दिन-रात लाइट चोरी जैसी घटनाए होती हैं। वहां कुछ नहीं होता। ऐसे घरो मीटर तक नहीं लग रहे। ऐसे लोगो पर विभागीय कार्रवाई नही कर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। ज्ञापन देने वालो में वैभव भार्गव, राजेंद्र पांचाल, मोनिल सोनी, रऊफ खान, हनुमान शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, सत्येंद्र भार्गव, मंगलेश भार्गव, विकास साहू, मनोज भार्गव, कादर खान, आमिर खान आदि मौजूद थे।

### रस्टिक फार्महाउस योजना की लॉटरी निकाली

**कोटा,** (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण की रस्टिक फार्म हाउस योजना की लॉटरी सोमवार को निकाली गई। प्राधिकरण की आयुक्त ममता तिवारी एवं सचिव मुकेश कुमार चौधरी ने लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न कराई। आयुक्त ने बताया कि पात्र आवेदकों की सूची प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है।

# पाटली नदी से हुआ जागो, जगाओ एकता पदयात्रा का शुभारंभ

- 'सरदार पटेल ने रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत बनाया'
- पदयात्रा से जन-जन तक पहुंचेगा एकता और अखंडता का संदेश : दिलावर

**रामगंजमंडी,** (निसं)। रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जुल्मी की पाटली नदी के माधव घाट से सोमवार को जागो, जगाओ एकता पदयात्रा का शुभारंभ कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एवं शिक्षा मदन दिलावर ने किया। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही तीन दिवसीय पदयात्रा में बच्चे, बुजुर्ग, युवा एवं महिलाएं हाथें में तिरंगा थामे चल रहे थे। पदयात्रा से पहले पाटली नदी के माधव घाट पर गंगा पूजन कर चुनरी ओढ़ाई गई।

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए कृषि एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने लौह पुरुष सरदार पटेल को उनकी 150वीं जयंती पर याद करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने 545 रियासतों को एकीकृत कर अखंड भारत की नींव रखी। उन्होंने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उन्हें याद किया और कहा कि उन्होंने 25 साल की उम्र में अंग्रेजों के खिलाफ आजादी का बिगुल बजाया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 150 वीं जयंती पर उन्हें पूरे देश में याद किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों का उत्थान करने और आर्थिक असमानता दूर करने का कार्य कर रहे है।


शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की प्रंशसा करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र की जनता को सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी। राजनीति में आने का जो ध्येय था उसे वे पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मदन दिलावर ने साक्षात भागीरथ बनकर पाटली नदी को पुनर्जीवित किया है। पूरी तरह से खो चुकी इस नदी के बारे में जब उन्हें पता चला तो उन्होंने इसे पुनर्जीवित करने में पूरी शक्ति लगा दी। इस अवसर मदन दिलावर ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 3 दिवसीय जागो, जगाओ एकता पदयात्रा आयोजित की जा रही है।

उन्होंने विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर देश को एकता के सूत्र में पिरोने के सरदार पटेल के योगदान को अमूल्य बताया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने एवं बिरसा मुण्डा की 150 वी जयंती पूरा देश मना रहा है। उन्होंने कहा कि पाटली नदी के घाट पर आज इस पदयात्रा का शुभारंभ हो रहा है। यह नदी विलुप्त थी, लेकिन 5 करोड़ रूपये व्यय कर इसे नया जीवन दिया गया है। इसके पानी से 50 हजार बीघा जमीन सिंचित होगी।

शुभारंभ समारोह में कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा एवं शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने मंच पर आमंत्रित संतों एवं स्वच्छकारों पर फूलों की वर्षा की और चरण प्रक्षालन कर सामाजिक समरस्ता का संदेश दिया। छात्रा चांदनी ने समरसता गीत गाया। कार्यक्रम में स्वच्छकारों के साथ ही किसानों एवं मजूदरों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में एसआईआर कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ किशोर व्यास, शम्भूलाल एवं श्री बालचंद का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर भानपुरा पीठ के संत रोहित नागर एवं शिक्षा मंत्री दिलावर ने ग्राम पंचायत जुल्मी के लिए स्थापित बर्तन बैंक का शुभारंभ किया। श्री दिलावर ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक स्थापित किए जाने का कार्य किया जा रहा हैं ताकि डिस्पोजेबल आइटम का उपयोग कम हो। कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पाटली नदी के किनारे बरगद का पेड लगाया।

जागो, जगाओ एकता पदयात्रा में सबसे आगे सरदार पटेल 150 यूनिटी मार्च की झांकी चल रही थी। प्रथम दिन जुल्मी गांव की पाटली नदी के घाट से प्रारंभ होकर लखारिया चौराहा, कुंभकोट, लक्ष्मीपुरा, दुर्जनपुरा एवं सातलखेड़ी गांव होते हुए सुकेत पहुंची। पदयात्रा का मार्ग में कई जगह मार्ग में स्वागत द्वार बनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पदयात्रा में शामिल शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर एवं अन्य प्रतिभागियों ने रात्रि विश्राम सुकेत में किया। रात्रि में भारत मां आरती के लिए प्रसिद्ध बाबा सत्यनारायण मौर्य ने आरती की प्रस्तुति दी।



पाटली नदी से हुआ जागो-जगाओ एकता पदयात्रा का शुभारम्भ हुआ।

## शिविर में 180 से अधिक लाभांवित


**कोटा,** (निसं)। शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जनता को जागरूक करने के एक बड़े प्रयास के तहत, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट कोटा जिला शाखा ने एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं फिजिकल फिटनेस कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कैंप रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के सहयोग से सी.बी. गार्डन, नयापुरा में आयोजित किया गया।

कोटा के अनुभवी फिजियोथेरेपिस्टों द्वारा प्रदान किए गए विशेषज्ञ परामर्श और सलाह से 180 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। शिविर में मस्कुलोस्केलेटल (मांसपेशी और अस्ति जोड़ संबंधी) समस्याओं का समाधान किया गया। यह पहल समुदाय की सेवा के प्रति आईएपी कोटा जिला शाखा की प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जो स्वास्थ्य के लिए दवा-मुक्त, गति-आधारित दृष्टिकोण की और प्रेरित करती है। कैंप में विभिन्न सामान्य समस्याओं के लिए विशेष परामर्श दिया गया, जिनमें चलने-फिरने की समस्याएँ कमर दर्द और मांसपेशियों में अकड़न एड़ी और घुटने का दर्द, कंधे का दर्द और अकड़नूसामान्य शारीरिक गति में कठिनाई और दर्द एवं लिगामेंट एवं घुटने की समस्याओं के निवारण हेतु परामर्श दिया। ये स्वास्थ्य शिविर आईएपी राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. विकास माथुर की प्रेरणा और कोटा रोटरी क्लब नार्थ और कोटा शाखा दोनों संगठनों की समर्पित टीमों द्वारा संभव हुआ। रोटरी क्लब नार्थ के रो.विनय अग्निहोत्री, रो.डॉ आरबी गुप्ता, रो.पार्थ शर्मा और कोटा के प्रमुख सदस्य जो उपस्थित थे।

## बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई

**कोटा,** (निसं)। अंतराष्ट्रीय रोटरी प्रांत 3056 के पोलियो प्लस चैयरमेन रामगोपाल अग्रवाल ने बताया कि घोड़ा चौराहा पर क्लबों के सदस्यों व पदाधिकारियों की उपस्थित में मुख्य अतिथि प्रांतपाल रो.प्रज्ञा मेहता ने 10 माह की बच्ची को दो बूंद पोलियों खुराक पिला कर बूथ का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब कोटा राउण्ड टाउन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, रवि अग्रवाल, कान्फ्रेंस चैयरमेन सुरेश अग्रवाल, किशोर सपरा आदि ने बसों से, ऑटो रिक्शा आदि में बच्चों को पोलियो दवा पिलाई व पिलाने सहयोग किया।तत्पश्चात् विशिष्ट अतिथि पीडीजी डॉ.निर्मल कुनावत, डीजीएन रो. दीपक सुखाड़िया ने दवा पिलाई। इस अवसर वरिष्ठ रो.गोपाल सपरा, सहायक प्रान्तपाल रोशनी मिश्रा, सहायक प्रान्तपाल गुरप्रीत आनन्द, रोटरी क्लब कोटा के अध्यक्ष मनोज सोनी, सचिव नीरज अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष रो.मुकेश व्यास, निर्वाचित अध्यक्ष रो.लक्ष्मण सिंह, रोटरी पद्मिनी अध्यक्ष संगीता काबरा, सचिव रो. अमिता महेश्वरी एवं अमित राज दुबे आदि अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# विश्व सिंधी सेवा संगम के सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष से भेंट की



विश्व सिंधी सेवा संगम के सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की।

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा विज्ञान भवन नई दिल्ली में विश्व सिंधी हिंदू फाउंडेशन ऑफ एसोशिएशन के द्वारा सशक्त समाज समृद्ध भारत नामक कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात विश्व सिंधी सेवा संगम के अध्यक्ष प्रेम भाटिया (निदेशक भाटिया एंड कंपनी), सदस्य रमेश आहूजा, बंशीलाल सागवानी एवं बाबूलाल पंजवानी के द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की। भाटिया द्वारा लोकसभा अध्यक्ष से कोटा में नई ऑटोमोबाइल इंडस्ट्रीज खुलवाने में सहयोग करने ताकि कोटा की अर्थव्यवस्था का नया स्तंभ बन सके एवं युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो के विषय पर चर्चा की गई।

# सरदार पटेल की जीवनी पर छात्रों से संवाद किया

- चम्बल रिवर फ्रंट पर योग शिविर आयोजित

**कोटा,** (निसं)। सरदार पटेल की 150वीं जयंती की कड़ी के पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित गंगा प्रवाह यात्रा में देश के 8 राज्यों से कोटा पधारे कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सोमवार प्रात: चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर योग किया।

कार्यक्रम संयोजक राकेश मिश्रा ने बताया कि योगा करने के उपरांत कोचिंग और विद्यालय के छात्रों के साथ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कोटा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने छात्रों से संवाद के दौरान कहा कि देश के कई राज्यों से पधारे कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर सरदार पटेल के जीवन से जन-जन को परिचय करवाने का कार्य किया जा रहा हैं। पूरे देश को राष्ट्रीय एकता के एक सूत्र में पिरोने के सूत्र में कार्य किया जा रहा है।

जैन ने बताया कि देश के युवाओं को सरदार पटेल के देश की एकता के लिये सामूहिकता से किये गये योगदान के बारे में बताना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि पूर्व की सरकारों ने सरदार पटेल के योगदान को भुलाने का ही कार्य किया।

यदि सरदार पटेल ना होते तो आज भारत अनेको खण्डों में बंट चुका होता, उस समय जवाहर लाल नेहरू ने, सरदार पटेल की बात मानी होती तो पीओके की समस्या भी नहीं होती।

झारखण्ड युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि आज इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत की एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। तथा इसकी जिम्मेदारी सभी की है। गोरखपुर से युवा मोर्चा जिला महामंत्री अखिल देव त्रिपाठी ने छात्रों से संवाद में कहा कि देश आत्मनिर्भर बनाने, देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प युवाओं से जुडा है। हम सभी मिलकर ही इस संकल्प को पूरा करते हुए त्याग, धैर्य, मेहनत, दृढ़ इच्छा से ही हम हमारे लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है।

यात्रा कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक जितेन्द्र गोठवाल, गंगा प्रवाह यात्रा के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र पिलानिया, सहसंयोजक घनश्याम गौतम, अरूण प्रधान, कार्यक्रम कोटा संभाग प्रभारी एड.अनिल वैष्णव, जितेन्द्र मीणा पूर्व मंत्री राज. सरकार एवं कोटा जिला प्रवासी अंकित चेची है। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल, राजू कालरा, सहित विभिन्न राज्यों के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता दी।

# पूर्णिमा शर्मा ने अधिशाषी अधिकारी पद पर कार्यभार ग्रहण किया

- 'मैं नगर के समग्र विकास, पारदर्शिता और जनसहभागिता को प्राथमिकता देते हुए कार्य करूंगी'

**कोटा,** (निसं)। केशवरायपाटन नगर पालिका में पूर्णिमा शर्मा ने अधिशाषी अधिकारी के पद पर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षदगण उपस्थित रहे और उन्होंने पूर्णिमा शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण से पूर्व पूर्णिमा शर्मा ने अपने माता-पिता व परिवारजनों के साथ भगवान केशवरायजी के दर्शन हेतु मंदिर पहुँची, जहाँ उन्होंने नगर की समृद्धि और सुचारू प्रशासन के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

पूर्णिमा शर्मा ने कहा कि मुझे केशवरायपाटन में भगवान केशवरायजी ने उनकी ही नगरी की सेवा का अवसर दिया है, यह मेरे लिए अत्यंत सम्मान की बात है। मैं नगर के समग्र विकास, पारदर्शिता और जनसहभागिता को प्राथमिकता देते हुए कार्य करूंगी। नगरवासियों की सुविधा तथा स्वच्छ, सुरक्षित एवं आधुनिक केशवरायपाटन के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास किए जाएंगे। पूर्णिमा शर्मा का जन्म कुचामन सिटी में हुआ एवं कोटा निवासी प्रदीप शर्मा के साथ उनका विवाह हुआ है।



पूर्णिमा शर्मा

## अन्नकूट महोत्सव का समापन

**कोटा,** (निसं)। श्री मैथिल ब्राह्मण समाज संस्था, कोटा द्वारा सोगरिया स्थित परशुराम भवन, विनायक सुखधाम में दिवाली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 9 बजे विधिवत हवन और 11 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि सनातन परंपरा में अन्नकूट उत्सव कृतज्ञता, सामूहिकता और समृद्धि का प्रतीक है। हवन हमें अनुशासन, शुचिता और आंतरिक शांति प्रदान करता है, जो समाज निर्माण की आधारशिला है।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल मांगरोल जिला-बारां (राज0)**
E-mail - npmangrol05@gmail.com PH. No. - 07457-223203
क्रमांक/भूमि/2025/3292 दिनांक 21.11.2025
**सार्वजनिक/आपत्ति सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्री शुभम राठौर पुत्र श्री सत्यनारायण राठौर निवासी-वार्ड नं. 3 मोती कुआं मांगरोल के द्वारा पट्टा क्रमांक 1809 दिनांक 11.07.2024 रजत कुमार राठौर पुत्र श्री सत्यनारायण राठौर के नाम जारी पट्टे को मृत्यु उपरान्त नामान्तरण करवाना चाहता है जो कि वार्ड नं. 3 मोती कुआं मांगरोल में स्थित हैं। जिसका खसरा नम्बर 1537 का क्षैत्रफल 3194.75 वर्ग फुट है। उक्त भूखण्ड को पारिवारिक सहमति स्टाम्प 500 रूपये/क्रमांक X918543 पर सहमति प्रदान कर पत्रावली नगर पालिका मांगरोल में प्रस्तुत की गई। इस सम्पत्ति के स्वामित्व के सम्बन्ध में अन्य कोई वारिस अथवा अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तों अन्दर अवधि 7 योम में अपना स्वामित्व आवेदन अथवा आपत्ति मय दस्तावेज पालिका में उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। अवधि समाप्ति पश्चात कोई एतराज/आपत्ति मान्य नहीं होगी।
राज.संवाद/सी/25/14428 **अधिशाषी अधिकारी**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक:-665 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-20.11.25
नगर विकास न्यास कोटा की विवेकानन्द नगर आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 134 ई.डब्ल्यू.एस. का आवंटन/विक्रय/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 07.08.1998 को श्री मोहम्मद सिद्धिक कुरैशी पुत्र श्री मोहम्मद अययूब कुरैशी को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री राजेश जैन पुत्र श्री जिनेन्द्र कुमार जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 15.11.2007 को श्रीमती रेणु जैन पत्नी श्री राजेश जैन को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अत: जरिये जाम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद मुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 134 ई.डब्ल्यू.एस. योजना विवेकानन्द नगर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती रेणु जैन पत्नी श्री राजेश जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।
**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**
क्रमांक 2420 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 24.11.25
आवास संख्या 3-एल-11 तलवडी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा डा. जे. आर. सिंघवी पुत्र स्व. श्री कल्याण मल को किया गया था। डा. जे. आर. सिंघवी पुत्र स्व. श्री कल्याण मल की मृत्यु हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण हक त्याग पत्र एवं केन्सीलेशन डीड के आधार पर दिनांक 03.10.2018 को इनके पुत्र श्री संजय सिंघवी के पक्ष में किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री संजय सिंघवी पुत्र स्व. डा. जे.आर. सिंघवी द्वारा दिनांक 27.12.2018 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री संजय सिंघवी पुत्र स्व. डा. जे. आर. सिंघवी द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 27.12.2018 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्रीमती शशि भाटिया पत्नी श्री विजय विनोद भाटिया को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्रीमती शशि भाटिया पत्नी श्री विजय विनोद भाटिया मुख्तार आम श्री संजय सिंघवी पुत्र स्व. डा. जे. आर. सिंघवी द्वारा मुख्तार आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 15.01.2019 को श्री सुनील बाफना पुत्र श्री पुखराज मल को किया गया। श्री सुनील बाफना पुत्र श्री पुखराज मल द्वारा इस कार्यालय मे प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-एल-11 तलवंडी कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख मे दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।
अत: इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री सुनील बाफना पुत्र श्री पुखराज मल का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री सुनील बाफना पुत्र श्री पुखराज मल का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्री सुनील बाफना पुत्र श्री पुखराज मल का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।
**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा**

# खिदमत ए इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी कोटा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। खिदमत-ए-इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी, कोटा द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। इस नेक पहल का उद्देश्य गंभीर रूप से बीमार मरीजों और जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था।

शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों से भारी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। शिविर में मौजूद पदाधिकारी मोइन खान, इरफान अंसारी, शोएब दानिश, आदिल खान, रावतभाटा के समाजसेवी फैजान, छाया एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, अलफलाह वेलफेयर एंड एजुकेशनल ट्रस्ट और हमदर्द वेलफेयर सोसाइटी आदि के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सोसाइटी के प्रवक्ता एवम् सचिव शोएब दानिश द्वारा जानकारी दी गई कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है और एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान कई लोगों की जान बचा सकता है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जनहितैषी कार्यों को जारी रखने का संकल्प दोहराया।

इस शिविर से एकत्रित 67 यूनिट रक्त का आपातकालीन स्थिति में उपयोग किया जा सकेगा। खिदमत-ए-इंसानियत वेलफेयर सोसाईटी समय-समय पर ऐसे सामाजिक और कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित कर समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है।




कोटा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।